# शहर से रोज निकल रहा करीब 45 टन कचरा

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 17 अक्टूबर. शहर से वैसे तो सामान्य दिनों में 30-35 टन के आसपास कचरा निकलता है।**

**कचरा कलेक्ट करने दो-दो बार चक्कर लगा रहे वाहन**

**कई वार्डो में खाली जगहों पर हो रहा कचरा जमा**




जिसे कचरा कलेक्शन गाड़ियों और ट्रेक्टरों के माध्यम से दोपहर तक उठाकर ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचा दिया जाता है, लेकिन दीपावली के कारण शहर से निकलने वाले कचरे की मात्रा बढ़ गई है। हालात यह है कि अभी रोजाना 40-45 टन तक कचरा निकल रहा है। नगरपालिका कर्मचारियों की मानें तो अगले दो से तीन दिन में कचरे की मात्रा 50 टन से अधिक तक पहुंच सकती है। जिसके लिए नगरपालिका ने रणनीति तैयार कर ली है। नपा अधिकारियों की माने तो अभी जिन वार्डो में कचरा अधिक निकल रहा है, वहां कचरा कलेक्शन गाडियों को दो बार भेजा रहा है। इसके अलावा ट्रेक्टर ट्रॉलियों से भी निरंतर कचरा उठाकर ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचाने का कार्य चल रहा है, किन्तु कचरा उठाने के लिए तय समय से ज्यादा काम करने के बाद भी वार्डो से कचरा समय पर नहीं उठ पा रहा है। ऐसे में नगरपालिका कचरा कनेक्शन के लिए गाड़ियों को वार्डो में दो बार पहुंचाने की योजना बना रही है, ताकि प्रतिदिन का कचरा उसी दिन ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचाया जा सके और कचरा भी साफ-सुथरा बना रहे। नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 33 वार्ड है। इन वार्डो से प्रतिदिन कचरा संग्रहित करने के लिए एक-एक गाड़ियां लगाई गई है, जो डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित कर ट्रेचिंग्र ग्राउंड पहुंचाती है। इसके अलावा 4 कचरा गाड़ियां बाजारों से कचरा उठाती है। लेकिन दीपावली पर्व के चलते शहर में कचरा की मात्रा बढ़ती जा रही है।

**ओवरलोड गाड़ियों से सड़क पर गिर रहा कचरा**

वर्तमान में दीपावली पर्व के चलते शहर में कचरे की मात्रा बढ़ गई है। कचरा कलेक्शन के दौरान कर्मचारी कचरा गाड़ियों के ऊपर तक कचरा भर लेते है और बोरियों सहित काटून में भी कचरा भरकर गाड़ियों के ऊपर रखकर चलते है। जिससे यह कचरा सड़क पर गिर रहा है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका गौठाना स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में कचरा एकत्रित करती है। यहां तक कचरा पहुंचाने के लिए कचरा वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉली शहर की गलियों से होकर गुजरती है। इस दौरान वाहनों से कचरा सडक पर गिरता है। गौठाना रोड पर अक्सर ऐसी स्थिति देखी जा सकती है, जब कचरा, वाहनों से गिरकर सडक पर पड़ा नजर आता है।

**अभी 33 वार्डो के लिए एक-एक गाड़ी निर्धारित**

नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 33 वार्ड है। इन वार्डो से प्रतिदिन कचरा संग्रहित करने के लिए एक-एक गाड़ियां लगाई गई है, जो डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित कर ट्रेचिंग्र ग्राउंड पहुंचाती है। इसके अलावा 4 कचरा गाड़ियां बाजारों से कचरा उठाती है। लेकिन दीपावली पर्व के चलते शहर में कचरा की मात्रा बढ़ती जा रही है। जानकारों की माने तो देर तक काम करने के बाद भी शहर का कचरा पूरा-पूरा कलेक्ट नहीं हो पा रहा है। नगरपालिका के पास कर्मचारियों के अलावा डोर-टू-डोर कचरा उठाने के लिए टिप्पर वाहन और ट्रेक्टर-ट्रॉली है। एक कचरा गाड़ी भी है। लेकिन इसके बाद भी मोहल्लों में लोग खाली जगहों पर कचरे के ढेर लगा रहे है। जिसकी दूसरे-तीसरे दिन सफाई हो पा रही है।

> यह सहीं बात है कि दीपावली पर्व के चलते शहर से अधिक कचरा निकल रहा है। अतिरिक्त कचरे को ट्रेचिंग ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए आवश्यकतानुसार वार्डो में दो बार गाड़ियां भेजी जा रही है। इसके अलावा ट्रेक्टर-ट्रॉली से भी कचरा उठाया जा रहा है।
>
> **- संतोष धनेलिया,** स्वच्छता प्रभारी, नगरपालिका बैतूल

# मंडी में उपज के कम दाम पर हंगामा

नवभारत न्यूज

**हरदा, 17 अक्टूबर** जिले की कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को उपज के कम दामों को लेकर किसानों ने हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि आगामी 6 दिनों की छुट्टी के कारण व्यापारी मनमाने दामों पर उनकी उपज खरीद रहे हैं। किसानों ने बताया कि उनकी उपज को मंडी में 800 से 1200 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जा रहा है । जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। दीपावली के त्योहार के कारण किसानों को नकदी की आवश्यकता है, लेकिन व्यापारियों द्वारा मनमानी की जा रही है। मंडी सचिव हरनारायण भिलाला ने इस संबंध में कहा कि मंडी में किसानों को अच्छे भाव दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस उपज में नमी अधिक है, उसके भाव कम हैं, जबकि सूखे अनाज के भाव अच्छे मिल रहे हैं। सूचना मिलने पर तहसीलदार राजेंद्र पंवार मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी। उन्होंने व्यापारियों को किसानों को उचित दाम देने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि कुछ किसान 2000 रुपए प्रति क्विंटल की मांग कर रहे थे, जबकि व्यापारियों का कहना था कि उपज में नमी के आधार पर दाम दिए जा रहे हैं।

किसानों के धरने पर बैठने की सूचना मिलने पर हेमंत टाले और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई भी किसानों का समर्थन करने मंडी पहुंचे। तहसीलदार की समझाइश के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।

# पटाखा निषेध रैली निकाली

नवभारत न्यूज

**सागर 17 अक्टूबर. जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा जीवों एवं वातावरण को बचाने हेतु पटाखा निषेध रैली का आयोजन क्षुल्लक श्री नय सागर महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में अंकुर कॉलोनी में निकाली गई.**

इस अवसर पर क्षुल्लक जी ने कहा कि आप लोग सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं, प्रकृति की सुन्दरता बनाए. सूक्ष्म जीवों की रक्षा करें अनंतानंत पुण्य का बंध होगा. इस अवसर पर अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुरेश जैन शाखा अध्यक्ष, राजेश जैन प्राचार्य मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष, रविंद्र जैन मंत्री, हेमचंद्र जैन कोषाध्यक्ष, संजय शक्कर क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, महेश जैन एसडीओ राष्ट्रीय संयोजक, डालचंद्र जैन राष्ट्रीय सदस्य, राकेश जैन छुल्ला क्षेत्रीय संयोजक, प्रकाश मोदी,आरके जैन, भरत सेठ, अभिषेक गोलू, अमित जैन, लल्लू भाई बिलानी, भागचंद्र जैन, नरेंद्र कर्रापुर, अजित जैन, मनोज जैन लालो, विनोद जैन, प्रो.अरविंद जैन, राजेश मलैया, आशीष जैन, इंजी. डीके जैन, उदयचंद्र शास्त्री मौजूद थे.

## भव्य दीपोत्सव मनाया

**सिवनी मालवा.** बराखड़ कला जीवा ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में पेरेंट्स टीचर मीटिंग साथ दीपावली के शुभ अवसर पर भव्य दीपोत्सव समारोह का आयोजन स्कूल संचालक प्रवीण पाणिकर की उपस्थिति में किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने सीता हरण, अशोक वाटिका, रावण युद्ध और श्रीराम के अयोध्या आगमन जैसे रामायण के प्रसंगों की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत कीं जिन्हें देखकर सभी अभिभावक भावविभोर हो उठे। स्कूल संचालक प्रवीण पाणिकर ने बताया बच्चों ने दीपोत्सव समारोह मनाया।



## मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई में सोनखरा की 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अभिनव पहल मोबाइल कोर्ट के अंतर्गत तहसील बमोरी के ग्राम पंचायत सोनखरा में मोबाइल न्यायालय का आयोजन किया गया। कार्यवाही के दौरान ग्राम सोनखरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे 272 में से लगभग 2 हेक्टेयर भूमि पर से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त भूमि शासन द्वारा शासकीय हाई स्कूल भवन एवं पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित की गई है। अतिक्रमण हटाने के उपरांत मौके पर ही भूमि का सीमांकन कर ग्राम पंचायत सोनखरा को सुपुर्द किया गया, जिससे आगामी दिनों में निर्माण कार्य आरंभ किया जा सकेगा। तहसीलदार बमोरी देवदत्त गोलिया, नायब तहसीलदार जयप्रकाश गौतम, एसआई जगदीश जाटव, पटवारी अजमेर सिंह जामोद, ग्राम सचिव, कोटवार सहित राजस्व, पुलिस एवं पंचायत विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## आज नर्मदा के पुराने पुल से शुरू होगा आवागमन

**हंडिया ।** नर्मदा नदी का पुराना पुल आज से आरम्भ होगा। जिसमें अभी सिर्फ मोटर साइकिल सवार तथा पैदल लोगों का बनवे लाइन से आवागमन शुरू होगा। जिससे आम लोगों को थोडी राहत मिलेगी। उक्त जानकारी नर्मदा सेतु निगम के सूत्रों ने देते हुए बताया है कि आज से नर्मदा एक साइड से यात्रियों के लिए आरम्भ होगा।

# राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल स्पर्धा में रचा इतिहास

## बालक वर्ग में 53-48 से दर्ज की शानदार जीत, बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग का दबदबा

नवभारत न्यूज

**गुना 17 अक्टू. का। स्थानीय खेल नोडल केंद्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के बास्केटबॉल (17 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) का समापन शुक्रवार को हुआ।**




समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, भाजपा नेतागण गोपाल आचार्य, राजेंद्र सिंह सलूजा, हरिसिंह यादव, सुनील अग्रवाल, सुनील शर्मा, धर्म सोनी और बॉस्केटबॉल सचिव अतुल लुंबा मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद सिकरवार ने खेलध्वज उतारकर प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। समापन समारोह में एमएलबी स्कूल और कन्या कैंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला जबलपुर और भोपाल संभाग के बीच खेला गया, जो पूरे समय रोमांच से भरा रहा। मैच के पहले क्वार्टर में जबलपुर ने 11-07 से बढ़त बनाई, लेकिन दूसरे क्वार्टर में भोपाल ने शानदार वापसी करते हुए 18-13 से बढ़त ली। हाफ टाइम तक स्कोर 25-24 से भोपाल के पक्ष में रहा। तीसरे क्वार्टर में भी भोपाल ने 11-10 से बढ़त बनाए रखी। हालांकि, निर्णायक चौथे क्वार्टर में जबलपुर की टीम ने दोनों बोर्डों पर कब्जा जमाते हुए 19-12 से जीत दर्ज की और मैच को 53-48 के स्कोर से अपने नाम किया। जबलपुर की ओर से सत्यांश ने 28 और हर्षित ने 14 अंक बनाए, जबकि भोपाल की ओर से ओमप्रताप ने 16 और ध्रुव ने 14 अंक अर्जित किए। बालिका वर्ग के फाइनल में उज्जैन संभाग की टीम ने अपना दमदार प्रदर्शन दिखाया। उज्जैन की टीम ने चारों क्वार्टर में बढ़त बनाए रखते हुए इंदौर को 53-31 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उज्जैन की लक्षिता ने 20 और वर्तिका ने 14 अंक बनाए, जबकि इंदौर की वर्णिका ने 10 और पावनी ने 8 अंक हासिल किए। बालकों के हार्ड लाइन मैच में ग्वालियर संभाग ने उज्जैन को 90-49 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्वालियर की टीम से हरीश सिंह ने 32, राजवीर सिंह ने 20 और आदित्य पांडे ने 17 अंक बनाए। वहीं उज्जैन की ओर से यश यादव ने 26 अंक अर्जित किए। बालिकाओं के तीसरे स्थान के मुकाबले में भोपाल संभाग ने जबलपुर को 57-49 से हराया। भोपाल की ओर से वैशाली ने 18 और अंशिका ने 13 अंक बनाए, जबकि जबलपुर की ओर से आयुषी ने 13 और हरमन ने 11 अंक अर्जित किए।

**समापन सम्मान और आभार के साथ**

समापन अवसर पर राजेश गोयल, प्रेरणा गुप्ता, देवेंद्र पटेरिया, एचएन जाटव, आशीष टाटिया, आरती श्रीवास्तव, मृदुला सक्सेना, मनोज शर्मा, देवेंद्र शर्मा, पवित्रा शिवहरे, साधना श्रीवास्तव, प्रवीण खांडेकर, एस.आर. रघुवंशी और मदन महावन की उपस्थिति रही। मंच संचालन मुकुंद शर्मा ने किया। अंत में देवेंद्र पटेरिया ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# धनतेरस पर बाजार में बरसेगा धन

**पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ आज, सोमवार को मनाया जायेगा दीपावली का पर्व**

नवभारत न्यूज

**सागर 17 अक्टूबर. पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ शनिवार को धनतेरस के साथ शुरु होने जा रहा है. सोमवार को दीपावली का पर्व मनाया जायेगा.**



शनिवार 18 अक्टूबर को धनतेरस पर भगवान धनवंतरी की पूजा पाठ की जावेगी. धनतेरस के लिए बाजार सज गए हैं. विशेष रुप से धनतेरस पर बर्तनों की खरीददारी महत्वपूर्ण मानी जाती है. मगर आज कल बर्तनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और फोर व्हीलर, टू व्हीलर की खरीददारी भी जोरों पर होने लगी है. तो वहीं दीपावली के मद्देनजर रेडिमेड कपड़ों की भी खरीददारी विशेष रुप से होने लगी है. नगर के हृदय स्थल जामा मस्जिद के चारों ओर प्रमुख बाजारों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा भी कराई गई है तो वहीं शहर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में कंपनियों के शोरुम भी सज गए हैं. इसके साथ ही धनतेरस पर सोने, चांदी की खरीददारी भी महत्वपूर्ण मानी जाती है. जिसके चलते सराफा बाजार सहित प्रमुख मार्गों पर स्थित ज्वैलर्स की दुकानों पर भी खरीददारों की भीड़ आज से ही देखने को मिल रही है. सोमवार 20 अक्टूबर को दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जायेगा.

> धनतेरस और दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक कटरा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष प्रतिबंध लागू किए गए हैं. इस दौरान प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का कटरा क्षेत्र में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. प्रतिबंधित वाहन तीन मढ़िया, एलिवेटेड कोरिडोर, राधा तिराहा, अप्सरा टॉकीज, विजय टॉकीज, मोतीनगर तिराहा, राहतगढ़ बस स्टैण्ड वनवे से कटरा की ओर प्रवेश नही कर सकेगें,इसके अतिरिक्त तीन बत्ती से कटरा मस्जिद तक सड़क के दोनो ओर किसी भी प्रकार के वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी, संभावित भीड़ को देखते हुये वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध को अतिरिक्त समय के लिये घटाया बढ़ाया भी जा सकता है.

## डीपीसी ने किया विद्यालयों के अकादमिक गतिविधियों का अवलोकन



**गुना।** जिला परियोजना समन्वयक ऋषि शर्मा द्वारा आज बमोरी विकासखंड एवं गुना विकासखंड के विद्यालयों में अकादमिक गतिविधियों का अवलोकन कर सुझाव दिए गए। गुना विकासखंड के माध्यमिक विद्यालय पुरापोसर में बच्चों के साथ प्रार्थना सत्र में भाग लिया। बमोरी विकासखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बिसोनिया किशनगढ़,रामपुर कॉलोनी, पुराना डुमेला,रामपुर चीम सिलावटी, शिकारीपुरा, अमरोद एवं सिमरोद का अवलोकन किया। पुराना दुमेला के शिक्षक श्याम सुंदर को विद्यालय के बाहर पाए जाने पर चेतावनी दी, निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

## संरक्षक मंडल घोषित

**सागर.** क्षत्रिय समाज जिला सागर के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा द्वारा 101 सदस्यीय संरक्षक मंडल घोषित किया. उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के बाद घोषित संरक्षक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें समाज के हित में विभिन्न निर्णय लिये जायेंगें एवं आवश्यक होने पर बैठक के बाद संरक्षक मंडल की अगली सूचि घोषित की जायेगी. संरक्षक मंडल में हीरा सिंह राजपूत, शिवराज सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, श्रीसिंह, जाहर सिंह, प्रेम सिंह, भरत सिंह, अमर सिंह, अजीत सिंह, जाहर सिंह, नारायण सिंह, राजकुमार सिंह, संतोष सिंह, विजय सिंह, मनहरण सिंह, देवेंद्र सिंह, मदन सिंह, निर्भय सिंह, कोमल सिंह, राजा भाई सिंह, राजेंद्र सिंह, नत्थू सिंह, विक्रम सिंह, लखन सिंह, महेंद्र सिंह, रणवीर सिंह आदि शामिल है.

# घर से उठाया जाएगा कचरा, क्यूआर से होगी निगरानी

## बैठक में शहर विकास के कई मुद्दों पर बनी सहमति, माधव भवन का होगा जीर्णोद्धार

**अशोकनगर।** डोर टू डोर घर से कचरा उठाया जाएगा और घर से निकलने वाले कचरे की निगरानी घरों के आगे क्यूआर कोड़ लगाकर की जाएगी। यह बात शुक्रवार को नपा सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नगरपालिका नीरज मनोरिया पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने इस कार्य के बारे में और विस्तार से बताया, साथ ही नगर विकास के विभिन्न मुद्दे पर आम सहमति बनते हुए कई प्रस्तावों पर मोहर लगाई गई। प्रेस वार्ता के दौरान नपाध्यक्ष श्री मनोरिया ने बताया कि परिषद ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को गंभीरता से लेते हुए, इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए



एजेंसी नियुक्त की जाएगी, जो कचरा उठाने का कार्य करेगी। इस प्रकिया से जहां नगरपालिका भार एक साल में एक करोड़ से अधिक कम होगा, तो वहीं नियमिति साफ-सफाई होने के साथ ही नगर स्वच्छ दिखाई देगा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव के मोहर लगने के बाद जल्द से इसके टैंडर किये जायेगें। वहीं बैठक में आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी अपनाओ और देश बचाओ का संकल्प लिया गया। साथ ही स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल है। इसके अलावा वन नेशन वन इलेक्शन के केंद्र सरकार के इस प्रमुख नीतिगत विचार के समर्थन में प्रस्ताव पास किया, जिसके तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाने की योजना पर सहमति व्यक्त की गई। प्रेसवार्ता के दौरान पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, महेंद्र भारद्वाज, विपिन शिवहरे मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता के दौरान पीआईसी की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में बताते हुए कहा कि परिषद द्वारा शहर की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कार्य कराये जाने पर सर्वसम्मति बनी। जिसके तहत शहर की खस्ताहाल सड़कों का मरम्मत की जाएगी, इस कार्य के लिए करीब 4 करोड़ की लागत आयेगी। जिन मार्गों को डामरीकरण हेतु चुना गया है, उनमें राजमाता चौराहा से अस्पताल चौराहा, अंडर ब्रिज होते हुए एचडीएफसी चौराहा सहित अन्य क्षतिग्रस्त सड़के शामिल है।

**माधव भवन, अंबेडकर भवन का होगा जीर्णोद्धार:** प्रेसवार्ता के दौरान नपाध्यक्ष श्री मनोरिया ने बताया कि परिषद की बैठक में माधव भवन के जीर्णोद्धार किये जाने पर बनी सहमति के बारे में बतायास। इस दौरान बताया गया कि शहर के माधव भवन जो संभवत: अशोकनगर का कोई महत्वपूर्ण भवन, सामुदायिक केंद्र या ऐतिहासिक स्थल होगा का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अलावा अंबेडकर भवन के वॉउड्रीवॉल बनाने, गेट लगाने और रामलीला मंच पूर्ण करने की बात कहीं गई।

**बैठक** | **नगर परिषद कार्यालय के पास वाले से लिये दीपक**

# विधायक ने स्थानीय बाजार से की दीपावली की खरीदी

नवभारत न्यूज

**मुंगावली.** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला के पश्चात क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव शुक्रवार की शाम नगर परिषद कार्यालय के पास स्थित दीपावली के सजाएं गए बाजार पहुंचे। यहां पर उन्होंने दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर सजाए गए बाजार का भ्रमण किया और स्थानीय दुकानदारों से दीपक, रुई, बत्ती, फल एवं सब्जियों की खरीदी की।



विधायक द्वारा की गई यह खरीदी न केवल उत्सव की तैयारी का हिस्सा थी बल्कि लोकल फॉर वोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास भी रही। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली जैसे त्यौहारों में स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों से सामान खरीदकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। स्थानीय मिट्टी से बने दीये, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएँ और घरेलू उत्पाद न केवल हमारी परंपरा को जीवित रखते हैं बल्कि अनेक परिवारों के आजीविका का साधन भी बनते हैं। इस दौरान विधायक यादव ने बाजार में मौजूद व्यापारियों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। नगरवासियों ने भी विधायक के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रेरणादायक पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और छोटे व्यापारियों में उत्साह बढ़ेगा। मिलने चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा लॉकल फॉर बॉकल को बढ़ावा देने के लिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## उचित मूल्य दुकान उमरथाना पर एफआईआर दर्ज

**गुना।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ बनाने के लिये कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत एसडीएम चांचौडा रवि मालवीय के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान उमरथाना के विक्रेता द्वारा समय पर दुकान नहीं खोलने तथा उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण समय पर नहीं करने तथा सामग्री में गेहूँ 68.93 क्वि., चावल 103.66 क्विं., शक्कर- 145 किलो, अपयोजित राशि 6,27,955 रूपये की हेराफेरी करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विक्रेता एवं अन्य के विरूद्ध एफ.आई.आर. चांचौडा थाने में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवराज सिह कुशवाह द्वारा दर्ज कराई गई। उचित मूल्य दुकान सोनखरा के सेल्समेन व सहायक सेल्समेन द्वारा दुकान समय पर नहीं खोलने तथा स्टॉक में हेराफेरी करने के प्रतिवेदन मिला है।

## अल फैज वेलफेयर ने मरीज को भेंट किए केलिपर

**मुलताई।** नगर से सटे ग्राम कामथ के मिरैकल्स फिजियोथैरेपी सेंटर में बीते एक माह से प्रभात पट्टन निवासी समीर नामक मरीज का इलाज चल रहा था। जिसे अल फैज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा केलिपर भेंट किए गए, डॉ योगेश पवार नें बताया कि मरीज उनके यहां बीते एक माह से भर्ती है जो पेड़ से गिर गया था जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी फेक्चर हो गई थी। वही मरीज को पैरालिसिस हो गया था,यहाँ इलाज के दौरान अल फैज वेलफेयर सोसाइटी नें एक सरहानीय कार्य करते हुए मरीज को केलिपर भेंट किए गए है.